कोटद्वार, गुरूवार
15 अगस्त 2024
वर्ष: 46
अंक: 110 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## सूचना



सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों को दैनिक जयन्त की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें इस अवसर पर प्रेस में अवकाश रहेगा।
दैनिक जयन्त का अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।
-सम्पादक

# स्वच्छता हमारी संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग : धामी

**● सफाई की निगरानी हेतु जल्द शुरू होगी क्यूआर कोड की व्यवस्था**



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को गाँधी पार्क देहरादून में विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत 'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग के माध्यम से 13 जनपदों के लिए स्वच्छता वाहनों (लीटर पीकर क्लीनिंग मशीन) का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने वाली बैणी सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारी संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग है। वेद एवं पुराणों में भी स्वच्छता को महत्वपूर्ण बताया गया है। जहां स्वच्छता होती है वहां देवी-देवताओं का वास होता है। कहा कि स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी को भी बढ़ावा देना है। जल्द ही सफाई की निगरानी हेतु क्यूआर कोड की व्यवस्था भी शुरू की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता अभियान को सामूहिक प्रयासों से ही प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। सभी को अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पूरी क्षमता से स्वच्छता मिशन पर कार्य करना चाहिए। शहरों की स्वच्छता की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान बीमारियों से बचाव के लिए पर्यावरण मित्रों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से किया है। प्रदेश में 12 से 15 अगस्त तक विशेष स्वच्छता अभियान चल रहा है। देहरादून में भी विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवाओं, एनजीओ के सहयोग से जन जागरूकता के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। जिसके लिए राज्य सरकार कई योजनाओं पर निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण का गहरा संबंध है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का देश के नाम संबोधन, कहा– विश्व में भारत का कद हुआ उंचा



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस 2024 की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपना संबोधन शुरू किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सभी देशवासी 78वें स्वतन्त्रता दिवस का उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं, यह देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लहराते हुए तिरंगे को देखना – चाहे वह लाल किले पर हो, राज्यों की राजधानियों में हो या हमारे आस–पास हो – हमारे हृदय को उत्साह से भर देता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जिस तरह हम अपने परिवार के साथ विभिन्न त्योहार मनाते हैं, उसी तरह हम अपने स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को भी अपने उस परिवार के साथ मनाते हैं जिसके सदस्य हमारे सभी देशवासी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हम उस परंपरा का हिस्सा हैं जो स्वाधीनता सेनानियों के सपनों और उन भावी पीढ़ियों की आकांक्षाओं को एक कड़ी में पिरोती है जो आने वाले वर्षों में हमारे राष्ट्र को अपना सम्पूर्ण गौरव पुनः प्राप्त करते हुए देखेंगी।

## मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम अगले सप्ताह आएंगे भारत

### कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद



नई दिल्ली। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ अपने कूटनीतिक रिश्तों को प्रगाढ़ करने में जुटे भारत के दौरे पर अगले हफ्ते मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम आ रहे हैं। पीएम इब्राहिम की यात्रा का इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि कुछ वर्ष पूर्व इस्लामिक धार्मिक प्रचारक जाकिर नाईक के मलेशिया में शरण लिए जाने के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी आ गई थी।

**भारत के साथ पुराने रिश्तों को सुधारने के किए प्रयास**

मलेशिया के पूर्व पीएम महाथिर मोहम्मद ने कश्मीर और नागरिकता कानून पर उल्टी टिप्पणी करने की वजह से भी रिश्ते बिगड़ गये थे। हालांकि, पीएम इब्राहिम ने भारत के साथ पुराने रिश्तों को सुधारने को लेकर कई प्रयास किये गये हैं। इस महीने की शुरुआत में विएतनाम के पीएम फाम मिन्ह चिन्ह नई दिल्ली आये थे और अब मलेशियाई पीएम का यहां आना बता रहा है कि इस क्षेत्र के देश भी भारत के साथ संबंधों को काफी तवज्जो दे रहे हैं।

**नई दिल्ली में होंगे मलेशियाई पीएम**

कूटनीतिक सूत्रों ने बताया कि मलेशियाई पीएम 19 व 20 अगस्त, 2024 को नई दिल्ली में होंगे। इस दौरान वह पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ दो चरणों में शीर्षस्तरीय वार्ता करेंगे। दोनो नेताओं के समक्ष कई द्विपक्षीय समझौतों पर भी हस्ताक्षर होने की संभावना है। इसमें एक समझौता भारतीय प्रशिक्षित कामगारों को मलेशिया में रोजगार के अवसर देने से संबंधित भी होगा।

## एक नजर

### यूजेवीएनएल ने एक दिन में बिजली उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड

देहरादून। उत्तराखंड जल विद्युत निगम ने एक दिन में सबसे अधिक बिजली उत्पादन का नया 25.97 मिलियन यूनिट का रिकॉर्ड बनाया। यूजेवीएनएल की स्थापना के बाद ये सबसे अधिक उत्पादन का रिकॉर्ड है7 इससे पहले पांच अगस्त 2023 को सबसे अधिक 25.96 एमयू बिजली उत्पादन हुआ था। यूजेवीएनएल के एमडी डॉ. संदीप सिंघल ने बताया कि 13 अगस्त को 25.9788 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन हुआ। इस वर्ष कुछ परियोजनाओं के जल संग्रहण क्षेत्रों में अतिवृष्टि की स्थिति रही। यमुना और टौंस का जलस्तर पिछले साल की तुलना में 38 प्रतिशत और 20 प्रतिशत कम रहा। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी परियोजनाओं से रिकार्ड बिजली उत्पादन हुआ। यह सब इसीलिए संभव हो पाया, क्योंकि इस वर्ष मानसून से पहले ही पूर्व योजनाबद्ध तरीके से कार्ययोजना बनाई गई। ये सब पॉवर हाउस की मशीनों के बेहतर संचालन, रखरखाव और कार्मिकों के उत्कृष्ट कार्य से ही संभव हो पाया। बेहतर कार्य संस्कृति तथा कार्मिकों की दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन से इसी तरह बिजली उत्पादन बढ़ाया जाएगा।

**ये रहा बिजली उत्पादन**

छिबरो 4.847 मिलियन यूनिट, खोदरी 2.161 एमयू, ढकरानी 0.453 एमयू, ढालीपुर 1.211 एमयू, कुल्हाल 0.723 एमयू, व्यासी 2.928 एमयू, मनेरी भाली प्रथम (तिलोथ) 2.211 एमयू, मनेरी भाली द्वितीय (धरासु) 6.826 एमयू, चीला 3.027 एमयू, खटीमा 0.827 एमयू, पथरी 0.369 एमयू, मोहम्मदपुर 0.155 एमयू, ग्लोगी 0.033 एमयू, दुनाव 0.015 एमयू, काली गंगा प्रथम 0.047 एमयू, काली गंगा द्वितीय 0.019 एमयू, मद्महेश्वर 0.127 एमयू।

### स्वास्थ्य में नर्सिंग, फार्मासिस्ट और पैरामेडिकल संवर्ग में तबादले

देहरादून। स्वास्थ्य महानिदेशालय ने नर्सिंग, फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल और टैक्नीशियन संवर्ग के कर्मचारियों के तबादले कर दिए हैं। कर्मचारियों की तबादला सूची महानिदेशालय के पोर्टल पर भी अपलोड की गई है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ तारा आर्य की ओर से जारी तबादला सूची में 70 नर्सिंग अधिकारी, 94 फार्मासिस्ट, नौ लैब टैक्नीशियन, एक्सरे टैक्नीशियन पांच, ऑप्टोमैट्रिस्ट आठ, फिजियोथैरेपिस्ट संवर्ग के तीन और कुष्ठ संवर्ग के कुल दो कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशालय की ओर से जारी सूची के अनुसार कुल 44 कर्मचारियों को सुगम से दुर्गम, 18 कर्मचारियों को दुर्गम से सुगम, 119 को निजी अनुरोध और 12 को पारस्परिक स्थानांतरण किए गए हैं।

### ट्रेनी डॉक्टर मर्डर केस की जांच के लिए कोलकाता पहुंची सीबीआई की टीम, मेडिकल कॉलेज का करेगी दौरा

कोलकाता ,कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला जूनियर डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। इस मामले की जांच के लिए सीबीआई की टीम बुधवार को कोलकाता पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार, सीबीआई की टीम डॉक्टर से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले की जांच करेगी। सात लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल आज कोलकाता पहुंचा है।

## अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को जारी किया नोटिस



नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। कोर्ट ने अब्बास की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस भी जारी किया है।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और संदीप मेहता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी करते हुए उत्तर प्रदेश के मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की विशेष अनुमति याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा है। इससे पहले, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 9 मई के अपने आदेश में अब्बास की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। हालांकि, उसने निचली अदालत को निर्देश दिया था कि वह जल्द से जल्द सुनवाई पूरी करे। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस जसप्रीत सिंह की पीठ ने कहा था, यह अदालत पीएमएलए की धारा 45 के संदर्भ में पहली नजर में यह संतुष्टि देने में असमर्थ है कि आवेदक दोषी नहीं है या फिर वह जमानत पर रहते समय कोई अपराध नहीं कर सकता।

कोर्ट ने अब्बास अंसारी के खिलाफ मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पेश किए गए मनी ट्रेल का भी संज्ञान लिया। बयान में कहा गया है कि मनी ट्रेल अंसारी को दो कंपनियों– मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन और मेसर्स आगाज से धन के लेनदेन से जोड़ता है। ईडी का आरोप है कि अंसारी ने इन कंपनियों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया था। ईडी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत तीन अलग–अलग एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है। पहले आपराधिक मामले में, यह आरोप लगाया गया था कि एक निर्माण कंपनी के भागीदारों ने रिकॉर्ड में हेराफेरी कर सार्वजनिक संपत्ति पर अतिक्रमण किया था। वहीं, दूसरी एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि मुख्तार अंसारी ने एक स्कूल बनाने के लिए विधायक कोष से धन लिया था। लेकिन, कोई स्कूल नहीं बनाया गया और जमीन का इस्तेमाल कृषि के लिए किया गया। तीसरी एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि अंसारी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सरकारी जमीन हड़प ली और एक अवैध मकान बना लिया।

### मनीष सिसोदिया की पदयात्रा अब 16 अगस्त से शुरू होगी

नई दिल्ली ,आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया 17 महीने बाद जेल से छूटकर बाहर आ चुके हैं। इसके बाद उन्होंने पार्टी का कामकाज संभाल लिया है। वह लगातार विधायकों, पार्षदों के साथ बैठक कर रहे हैं। मनीष सिसोदिया बुधवार से ही अपनी पदयात्रा शुरू करने वाले थे, लेकिन स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पुलिस ने उनसे यात्रा को स्थगित करने के लिए कहा। अब यह यात्रा 16 अगस्त से दिल्ली में शुरू होगी। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पदयात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मनीष सिसोदिया बीजेपी की केंद्र सरकार की साजिशों को परास्त कर 17 महीने बाद आजाद हुए हैं। वह दिल्ली की जनता से मिलने के लिए आज ग्रेटर कैलाश से पदयात्रा शुरू करने वाले थे। लेकिन दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस पदयात्रा को स्वतंत्रता दिवस की वजह से एक–दो दिन के लिए टाल दिया जाए। अब यह पदयात्रा 14 अगस्त की जगह 16 अगस्त को उसी स्थान, ग्रेटर कैलाश से शुरू होगी। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि शाम 5 बजे ग्रेटर कैलाश के डीडीए कॉलोनी से यह यात्रा शुरू होगी और मनीष सिसोदिया दिल्ली के हर एक व्यक्ति, हर एक घर तक पहुंच कर उनसे मिलेंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए पुलिस से किसी तरीके का कोई विवाद नहीं चाहते। इसलिए, जब पुलिस ने यह सलाह दी, तो हमने उस पर तुरंत हामी भर दी। मामला सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा हुआ है। हम सभी स्वतंत्रता दिवस का सम्मान करते हैं। इसलिए हम इस पदयात्रा की तारीख को दो दिन आगे बढ़ा रहे हैं ताकि किसी को कोई दिक्कत ना हो।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले आतंकियों के साथ बड़ी मुठभेड़, कैप्टन शहीद, 4 आतंकी हुए ढेर



### देहरादून के कैप्टन कश्मीर में ऑपरेशन के दौरान शहीद

देहरादून। कश्मीर में आतंकी मुठभेड़ में उत्तराखंड के एक और लाल ने सर्वोच्च बलिदान दिया। स्वतंत्रता दिवस उल्लास से एक दिन पहले देहरादून निवासी कैप्टन दीपक सिंह के कश्मीर के डोडा जिले में शहीद होने की दुखद खबर आई। वह आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में शहीद हो गए। शहीद के माता पिता हाल में बेटी के यहां केरल गए हैं। बुधवार देर रात या गुरुवार तड़के उनके वापस पहुंचने की उम्मीद है। शहीद कैप्टन दीपक सिंह काउंटर इंसर्जेंसी 48 राष्ट्रीय राइफल्स में सिग्नल अधिकारी के पद पर तैनात थे। ऑपरेशन के दौरान वह क्यूआरटी का नेतृत्व कर रहे थे। उनकी टीम में डोडा में छिपे आतंकियों की तलाश में जुटी थी। इस दौरान आतंकियों से मुठभेड़ हुई और कैप्टन शहीद हो गए। युवा दीपक सिंह को सर्च ऑपरेशन में एक कंपनी का नेतृत्व करने के लिए फील्ड मेजर बनाया गया था। वह अपनी कंपनी का फ्रंट से नेतृत्व कर रहे थे। बताया जा रहा है सर्च ऑपरेशन के दौरान छिपे आतंकियों ने अचानक गोलीबारी की। इस दौरान मुठभेड़ दीपक को गोली लगी। इससे पहले उन्होंने एक आतंकी को मार गिराया। रक्षा विभाग के जन संपर्क अधिकारी देहरादून ले. कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार को शहीद की पार्थिव देह देहरादून पहुंचने की उम्मीद है।

श्रीनगर ,स्वतंत्रता दिवस से पहले जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले के अस्सर इलाके में आतंकवादियों के साथ हुई एक बड़ी मुठभेड़ में भारतीय सेना के 48 राष्ट्रीय राइफल्स के एक कैप्टन शहीद हो गए हैं।

यह मुठभेड़ स्वतंत्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एनकाउंटर में 4 आतंकियों की भी मारे जाने की खबर है। इस मुठभेड़ में एक नागरिक भी घायल हो गया है।

सुरक्षा बलों को इलाके से एक एम4 कार्बाइन और तीन बैग मिले हैं। डोडा के अस्सार इलाके में यह मुठभेड़ मंगलवार शाम शुरू हुई थी।

सेना के व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि विशेष खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू–कश्मीर पुलिस ने पटनीटॉप के पास अकर वन में संयुक्त अभियान शुरू किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस अभियान में एक आतंकवादी घायल हुआ है।

इसके अलावा, अनंतनाग में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान में मंगलवार को चौथे दिन भी सुरक्षा बलों की कार्रवाई जारी रही। अधिकारियों के अनुसार, अहलान गगरमांडू जंगल में संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। जंगल में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

## पाकिस्तान को मिले थे 75 करोड़ रुपये, सेना, धन के साथ हाथी और घोड़े का भी हुआ था बंटवारा



नई दिल्ली , भारत अपना 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। 15 अगस्त 1947 का वो दिन जब भारत ने पहली बार एक राष्ट्र के रूप में आजादी की सांस ली थी। लेकिन आजादी के साथ ही भारतवर्ष के दो टुकड़े भी हो गए थे। एक भारत और दूसरा धर्म के आधार पर बना पाकिस्तान। अंग्रेजों ने भारत के ऊपर 200 सालों से भी ज्यादा तक हुकूमत की थी। भारत अपने ही देश में गुलामी की जंजीरों में बंधा हुआ था। देश को आजाद कराने के लिए सैकड़ों क्रांतिकारी फांसी के तख्ते पर झूल गए थे। हजारों घर तबाह हुए और लाखों लोगों की जान गई थी। मातृ भूमि के लिए मर मिटने के जज्बे ने अंग्रेजों के पांव उखाड़ दिए थे और उन्हें भारत देश छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। लेकिन जाते–जाते अंग्रेजों ने बंटवारे की ऐसी चिंगारी छोड़ी जो देखते–देखते भीषण आग में तब्दील हो गई और लाखों लोगों का कत्लेआम हो गया। भारत को दो हिस्सों में बांटने की जिम्मेदारी ब्रिटिश वकील सर सिरिल रैडक्लिफ को मिली थी। उन्होंने भारत के नक्शे पर रेखा खींचकर 14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान और 15 अगस्त 1947 को भारत को एक पृथक राष्ट्र घोषित कर दिया था। दोनों देशों का भौगोलिक विभाजन तो हो गया था, लेकिन सेना और धन के बंटवारे पर मुश्किल आ गई थी। विभाजन समझौते के अनुसार, पाकिस्तान को ब्रिटिश भारत की संपत्ति और देनदारियों को 17 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा मिला था। रिपोर्ट के अनुसार उस समय भारत के पास करीब 400 करोड़ रुपये थे। पाकिस्तान के हिस्से में 75 करोड़ रुपये आए, वहीं पाकिस्तान को 20 करोड़ रुपये की कार्यशील राशि भी देने को कहा। विभाजन परिषद ने दोनों देशों को 31 मार्च 1948 तक मौजूदा सिक्कों और मुद्रा को जारी रखने और पाकिस्तान में 1 अप्रैल से 30 सितंबर, 1948 के बीच नए सिक्के और नोट जारी करने का फैसला सुनाया था। हालांकि, उसके बाद भी पुरानी मुद्रा चलन में रखने की बात कही गई थी। इसी कारण बंटवारे के 5 साल बाद भी पाकिस्तानी सिक्के कोलकाता में चल रहे थे और पाकिस्तान सरकार लिखे आरबीआई के नोट पाकिस्तान में चल रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, सभी चल संपत्तियों को 80–20 के अनुपात में विभाजित किया गया था। इसी तरह विभाजन के बाद 1950 के दशक में पुरातात्विक अवशेषों को भी दोनों देशों के बीच बांटने की मांग की गई थी।

### बेंगलुरू में निजी कंपनी को बम की धमकी वाला ईमेल निकला फर्जी, पुलिस ने किया खुलासा

बेंगलुरू ,बेंगलुरु के पुत्तेनहल्ली स्थित एक निजी कंपनी ब्रॉडकॉम को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। यह ईमेल कंपनी को मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे भेजा गया, जिसमें बम विस्फोट की बात कही गई थी। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद कंपनी ने तुरंत पुत्तेनहल्ली पुलिस स्टेशन को सूचित किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और कंपनी के परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान, विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई और पाया गया कि यह बम धमकी वाला ईमेल फर्जी था। इस फर्जी धमकी के कारण किसी प्रकार का खतरा उत्पन्न नहीं हुआ, लेकिन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंपनी और आसपास के क्षेत्र की जांच की गई। घटना के संबंध में पुत्तेनहल्ली पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी साउथ ने कहा, कल लगभग 1 बजे एक बहुराष्ट्रीय कंपनी ब्रॉडकॉम को एक धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ। विशेषज्ञों द्वारा सत्यापन करने पर यह फर्जी पाया गया।

**सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल को जमानत नही**

## अगली सुनवाई 23 को, सीबीआई की गिरफ्तारी को दी थी चुनौती



नई दिल्ली ,जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। उत्पाद शुल्क नीति घोटाला में सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल ने अर्जी दी है। आम आदमी पार्टी संयोजक की दोनों याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उन्हें अंतरित राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हम पहले दूसरे पक्ष को भी सुनेंगे। इसके बाद मामले की सुनवाई 23 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट 12 जुलाई को शराब नीति केस के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे चुका है। आज का मामला सीबीआई की गिरफ्तारी से जुड़ा है। सीबीआई ने 26 जून को शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोपों पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। ईडी केस में जमानत देते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा था कि केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते हैं। हम जानते हैं कि वह चुने हुए नेता हैं और ये उन्हें तय करना है कि वे मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं या नहीं। जस्टिस खन्ना ने कहा था कि हम ये मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं। गिरफ्तारी की पॉलिसी क्या है, इसका आधार क्या है। इसके लिए हमने ऐसे 3 सवाल भी तैयार किए हैं। बड़ी बेंच अगर चाहे तो केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर बदलाव कर सकती है।

## बांग्लादेश में हिंसा और बर्बरता का सामना कर रहे हिंदू परिवार, देश छोड़ने की दी जा रही धमकियां

ढाका , बांग्लादेश के 23 धार्मिक संगठनों के एक राष्ट्रीय मंच, बांग्लादेश जातीय हिंदू मोहजोत (बीजेएचएम) ने कहा कि 5 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से देश के 48 जिलों में 278 हिंदू परिवारों को बड़े पैमाने पर हिंसा और बर्बरता का सामना करना पड़ा है। 5 से 12 अगस्त के बीच देश के हिंदू समुदाय के खिलाफ हुई हिंसा की भयावह घटनाओं पर विस्तृत आंकड़ा जारी करते हुए बीजेएचएम नेताओं ने कहा कि कई पीढ़ियों से इस क्षेत्र में रहने के बावजूद वे डर के माहौल में जी रहे हैं। बांग्लादेश जातीय हिंदू मोहजोत (बीजेएचएम) ने अपनी सात सूत्री मांगों की सूची भी सामने रखी है, जिसमें बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार से अनिश्चितता के समय में तेजी से कार्य करने का आग्रह किया गया। मंच के प्रवक्ता और कार्यकारी सचिव पलाश कांति डे ने मंगलवार को ढाका में नेशनल प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ढाका ट्रिब्यून के हवाले से कहा, बदलते राजनीतिक परिदृश्य के कारण हिंदू समुदाय पर बर्बरता, लूटपाट, आगजनी, जमीन पर कब्जा करने और देश छोड़ने की धमकी देने की घटनाएं बार–बार हो रही हैं। यह सिर्फ व्यक्तियों पर हमला नहीं है, बल्कि हिंदू धर्म पर हमला है। डे ने कहा कि समुदाय के नेताओं ने अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) एम सखावत हुसैन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है, जिन्होंने आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे को अगली कैबिनेट बैठक में उठाया जाएगा। गठबंधन द्वारा किए गए सात मांगों में देश भर में हिंदू समुदाय पर सबसे बदतर सांप्रदायिक हमलों की गहन न्यायिक जांच कराना भी शामिल है। इसके साथ ही अल्पसंख्यक संरक्षण अधिनियम और आयोग का निर्माण, सार्वजनिक खर्च पर हिंदू समुदाय के क्षतिग्रस्त मंदिरों और घरों की मरम्मत, त्वरित सुनवाई कर दोषियों को सजा दिलाने के साथ ही पूरी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करना, 2000 से आज तक देश में अल्पसंख्यक उत्पीडन पर एक विस्तृत रिपोर्ट, आगामी दुर्गा पूजा के दौरान तीन दिन की छुट्टी और एक अल्पसंख्यक मंत्रालय की स्थापना मुख्य है। बीजेएचएम के अध्यक्ष प्रभास चंद्र रॉय ने कहा, जब भी सरकार बदलती है, हिंदुओं पर सबसे पहले हमला होता है। हालांकि, पहले इस देश में ऐसी कम घटनाएं होती थीं, लेकिन, हाल ही में उनमें वृद्धि हुई है। हम इस देश में सुरक्षा



के साथ रहना चाहते हैं। हम यहां पैदा हुए हैं और हमारे पास अधिकार हैं। इससे पहले दिन में, अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने ढाका में एक ऐतिहासिक हिंदू मंदिर का दौरा किया और हिंदू समुदाय के नेताओं को आश्वासन दिया कि मानवाधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता स्थापित करना उनके प्रमुख लक्ष्यों में से एक है। ढाकेश्वरी राष्ट्रीय मंदिर, जो इस क्षेत्र में 800 वर्षों से भी अधिक समय से हिंदू समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण पूजा स्थलों में से एक है, के दौरे के दौरान स्थानीय मीडिया ने उनसे संपर्क किया, जहां यूनुस ने कहा, देश में सभी को समान अधिकार है। हमारे बीच कोई भेदभाव नहीं है। कृपया मदद करें, धैर्य रखें और बाद में हमें आंकें कि हमने क्या किया और क्या नहीं किया। अगर हम असफल होते हैं, तो आलोचना करें। अंतरिम सरकार के कानूनी और धार्मिक मामलों के सलाहकार आसिफ नजरूल और ए.एफ.एम. खालिद हुसैन भी यूनुस के साथ मंदिर गए थे। यूनुस ने बांग्लादेश पूजा उत्सव परिषद के अध्यक्ष वासुदेव धर और महासचिव संतोष शर्मा की उपस्थिति में कहा, हमारी लोकतांत्रिक भावना में, हमें मुस्लिम, हिंदू या बौद्ध के रूप में नहीं, बल्कि इंसान के रूप में देखा जाना चाहिए। हमें अपने अधिकारों को लेकर सजग रहना और इसके लिए दावा करना चाहिए। सभी समस्याओं की जड़ में संस्थागत व्यवस्थाओं की कमजोरी है। इसीलिए ऐसी समस्याएं पैदा होती हैं। संस्थागत सिस्टम में सुधार की जरूरत है। सोमवार को सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार हुसैन ने अल्पसंख्यकों पर हमले की निंदा की थी और आश्वासन दिया था कि वर्तमान सरकार सांप्रदायिक सद्भाव में विश्वास करती है। सचिवालय में हुई एक मीडिया ब्रीफिंग में, हुसैन ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले उपद्रवियों द्वारा किए गए थे और अंतरिम सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## संपादकीय

# कांग्रेस की अंतर्कलह

विधानसभा उपचुनाव में दो सीटों पर शानदार जीत के बाद भी कांग्रेस की अंतरकलह मने का नाम नहीं ले रही है। बद्रीनाथ एवं मंगलोर विधानसभा सीट पर जीत के बाद लगने लगा था कि कांग्रेस अब निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए नई ऊर्जा के साथ मैदान में उतरेगी लेकिन दिल्ली में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के साथ विधायकों की मुलाकात ने अंतरकलह को भी उजागर कर दिया। कांग्रेस संगठन की ओर से पार्टी के अंदर बिखरे रायते को समेटने के लिए दिल्ली में उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा विधायकों के साथ उनके मन की बात जानने का प्रयास कर रही है और अब तक जो कुछ भी सामने आया है उससे एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि उत्तराखंड में कांग्रेस विधायकों एवं प्रदेश अध्यक्ष के बीच कुछ ना कुछ नाराजगी का दौर तो चल ही रहा है। संगठन एवं विधायकों के बीच आपसी समन्वय का मुद्दा भी इस मुलाकात में प्रमुखता के साथ सामने आया है। यह तो स्पष्ट है कि यदि प्रदेश कांग्रेस संगठन के अंदर चल रही खींचातानी को शांत करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में नहीं बांधा गया तो उपचुनाव में दो जीतों के बावजूद भी आगे की राह आसान साबित होने वाली नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कांग्रेस ने बद्रीनाथ और मंगलोर सीट को जीतकर सत्तारूढ़ भाजपा को करारा झटका दिया है लेकिन संगठन के अंदर की कलह भविष्य की राह में एक रोड़ा बन सकती है। इस जीत से उत्तराखंड विधानसभा के अंदर भाजपा ने अपनी एक सीट बढ़ाई है जो आने वाले विधानसभा सत्र में उसकी ताकत बनेगी। विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस विधानमंडल दल की बैठक करेगी, लेकिन एकता का यह ताना–बाना तभी मजबूत बना रह सकता है जब संगठन के अंदर हर स्तर पर समन्वय और एकता नजर आएगी। कांग्रेस की नजर अभी केदारनाथ उपचुनावों पर है और बद्रीनाथ तथा मंगलौर सीट पर जीत के बाद पार्टी उत्साहित भी है लेकिन प्रदेश अध्यक्ष और विधायकों के बीच चल रहा मनमुटाव कहीं ना कहीं जीत के इस मिशन पर बाधा भी खड़ी कर सकता है। प्रदेश प्रभारी ने भी विधायकों व प्रदेश संगठन को आपस में मजबूत बने रहने की नसीहत दी है लेकिन यह नसीहतें तभी काम आएंगी जब उत्तराखंड के नेता आपस में एक दूसरे को समझते हुए पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। किसी भी प्रकार की गुटबाजी आने वाली राजनीतिक गतिविधियों पर प्रभाव डालेगी जिसका लाभ उठाने के लिए भारतीय जनता पार्टी हमेशा से तैयार बैठी नजर आती है। विधायकों और संगठन पदाधिकारियों को यदि प्रदेश प्रभारी शैलजा की बात समझ में आई तो शायद आने वाले समय में कांग्रेस कुछ और अधिक अच्छा करने में कामयाब हो सकती है।

# क्रॉस कन्ट्री दौड़ में आयुष, अनन्त, तनिष, रोहित ने मारी बाजी



चमोली : खेल विभाग चमोली द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व बेला पर स्पोर्टस स्टेडियम गोपेश्वर से घिंघराण मार्ग चयनित स्थल तक बालक एवं बालिकाओं की छः आयु वर्गों में क्रॉस कंट्री दौड का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ वॉलीबाल संघ के जिलाध्यक्ष अशोक रावत व हेम पुजारी ने संयुक्त रूप से किया।

उप जिलाधिकारी चमोली राजकुमार पाण्डेय एवं खण्ड शिक्षाधिकारी दशोली पंकज उप्रेती द्वारा संयुक्त रूप से विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। अण्डर 12 बालकों की 02 किमी. दौड़ में 190 बालकों ने भाग लिया जिसमें जीआईसी डुंग्री मैकोट के आयुष रावत ने प्रथम, जीआईसी बैंरागना के कृष्णा विष्ट ने द्वितीय, जीआईसी डुग्री मैकोट के ईशान सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉटरी के माध्यम से विशिष्ट पुरस्कार जीआईसी ग्वाड-देवलधार के अभिनव व अभिजीत कुमार को दिया गया। अण्डर 14 बालकों की 03 कि.मी. दौड़ में 153 बालकों ने भाग लिया, जिसमें जीआईसी गोपेश्वर के अनन्त भारती व रणवीर कोहली ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय, जीआईसी बैंरागना के युवराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉटरी के माध्यम से विशिष्ट पुरस्कार जीआईसी माणा-घिघंराण के पीयूष व सुबोध विद्या मंदिर गोपेश्वर के राहुल पुरोहित को दिया गया। अण्डर 16 बालकों की 05 कि.मी. दौड़ में 75 बालकों ने भाग लिया जिसमें जीआईसी बैंरागना के तनिष ठाकुर ने प्रथम, जीआईसी गोपेश्वर के मंयक नेगी व आयुष फरस्वाण ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉटरी के माध्यम से विशिष्ट पुरस्कार पीस पब्लिक स्कूल गोपेश्वर के अमन रावत व स0वि0 मंदिर गोपेश्वर के मंयक पंवार को दिया गया। बालक ओपन वर्ग 07 कि0मी0 दौड में 49 बालकों ने प्रतिभाग कर किया जिसमें पी.जी.कॉलेज गोपेश्वर के रोहित राणा व चन्दन सिंह ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय, आईटीआई गोपेश्वर के सूरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉटरी के माध्यम से विशिष्ट पुरस्कार पीजी गोपेश्वर के अंकित व प्रशांत सिंह को दिया गया। अण्डर 12 बालिका वर्ग 02 किमी. दौड़ में 72 बालिकाओं ने भाग लिया जिसमें जीआईसी बैंरागना की आरूषी ने प्रथम जीआईसी ड्ग्री मैकोट की निकिता जैम्स एकेडमी की वैष्णवी ने तृतीय, स्थान प्राप्त किया। लॉटरी के माध्यम से विशिष्ट पुरस्कार जीजीआईसी गोपेश्वर की तनुजा व जीजीएचएस नैग्वाड की एलीना को दिया गया।

अण्डर 16 बालिका वर्ग 05 किमी. दौड़ में 59 बालिकाओं ने भाग किया। जिसमें जीआईसी गोपेश्वर की निशा ने प्रथम, जीआईसी डुग्री मैकोट की बैबी व मिनाक्षी ने द्वितीय एवं तृतीय पंचम स्थान प्राप्त किया। लॉटरी के माध्यम से विशिष्ट पुरस्कार जीआईसी गोपेश्वर की रिचा व केन्द्रीय विद्यालय गोपेश्वर की आभा को दिया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दशोली आदर्श पन्त, खेल विभाग के एनएस नेगी, राजपाल सिंह, उत्तम सिंह, अनूप सिंह, देवेन्द्र सिंह, ताजबर सिंह व विक्रम कण्डेरी एवं विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक प्रदीप नेगी, विजय सेमवाल, विक्रम कठैत, व खेल प्रेमी जनता एवं खिलाड़ियों के अभिभावक मौजूद थे। (एजेंसी)

# आजादी के पर्व पर लें प्लास्टिक मुक्त विश्व का संकल्पः प्रो. सुरेखा

देहरादून। दून विश्वविद्यालय में क्लीन कैंपस ग्रीन कैंपस अभियान के तहत सोसाइटी फॉर कम्युनिटीज डेवलपमेंट फाउंडेशन व विवि की ओर से बुधवार को एक प्लास्टिक बैंक की स्थापना की गई। इस दौरान विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि आजादी के इस पर्व पर हम सभी को प्लास्टिक मुक्त विश्व का संकल्प लेना हो। कहा कि इसके लिए हमें अपने घर से शुरुआत करनी होगी। प्रो. डंगवाल ने कहा कि दून विश्वविद्यालय राज्य का एक महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान है इस दृष्टि से हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इसे एक आदर्श संस्थान के रूप में विकसित करें क उन्होंने कहा कि आज समाज में पर्यावरणीय संकट एक बड़ी चुनौती है। इस समस्या के निदान के लिए वैश्विक स्तर पर सामूहिक प्रयास करने होंगे, परन्तु एक जिम्मेदार नागरिक, एक विद्यार्थी के रूप में हमारा दायित्व है कि हम अपने आसपास के वातावरण को प्रदूषण मुक्त रखे क सोसाइटी फॉर कम्युनिटीज डेवलपमेंट फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल ने कहा कि जिस देश का युवा जागरूक होगा वह देश किसी भी समस्या से मुक्ति पाएगा और मुझे खुशी है कि आज विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अभियान से जुड़े हैं। कहा कि उनकी संस्था एयरबस के साथ मिलकर देहरादून में 300 प्लास्टिक बैंक स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है, अभी तक 150 से अधिक प्लास्टिक बैंक विभिन्न शिक्षक संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों में स्थापित किये जा चुके हैं।

## एससी एसटी आरक्षण में लागू हो क्रीमी लेयर की व्यवस्था

देहरादून। उत्तराखंड अखिल भारतीय समानता मंच ने एससी एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर की व्यवस्था को लागू करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को तत्काल लागू करने की मांग की। बुधवार को मंच की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेज कर उत्तराखंड में भी व्यवस्था लागू किए जाने की मांग की। मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय धस्माना ने कहा कि संविधानिक व्यवस्थाओं के अनुरूप ही सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है। संविधान में साफ किया गया है कि आरक्षण का लाभ असल पिछड़ों को मिलना चाहिए। इसके लिए बाकायदा स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। इसके बावजूद जो लोग पीढ़ियों से आरक्षण का लाभ लेते हुए संभ्रात और संपन्न श्रेणाी में चुके हैं, उनके बच्चे आज भी आरक्षण का लाभ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। ये सीधे तौर पर एससी एसटी श्रेणी के पिछड़े गरीबों के हितों पर डाका है। उनके हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्हें हमेशा के लिए पिछड़ा ही रखे जाने का इंतजाम किया हुआ है।

# राज्यपाल ने चारधाम डैशबोर्ड को सराहा, टीम को दी बधाई

**निदेशक आईटीडीए नितिका खंडेलवाल ने राज्यपाल के समक्ष दिया आईटीडीए द्वारा तैयार किए गए चारधाम डैशबोर्ड का प्रस्तुतीकरण**

देहरादून। चारधाम यात्रा के सुगम एवं प्रभावी प्रबंधन हेतु आईटीडीए द्वारा तैयार किए गए चारधाम डैशबोर्ड का प्रस्तुतीकरण निदेशक आईटीडीए नितिका खंडेलवाल ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष दिया। इस डैशबोर्ड का निर्माण विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय स्थापित कर राज्य में चारधाम यात्रा के सफल संचालन यथा तीर्थयात्रियों का पंजीकरण, स्क्रीनिंग, यात्रा मार्ग की स्थिति, आवासीय एवं मूलभूत आवश्यकताओं की बेहतर सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं को यथासमय यात्रियों को उपलब्ध कराने संबंधी विभिन्न पहलुओं के सुदृढ़ीकरण हेतु किया गया है। राज्यपाल द्वारा पूर्व में सम्पूर्ण यात्रा का डिजिटली अनुश्रवण किए जाने हेतु चारधाम डैशबोर्ड निर्माण करने के निर्देश निदेशक, आईटीडीए को दिए गए थे। उक्त के अनुपालन में उनके द्वारा रियल टाइम मॉनिटरिंग चारधाम डैशबोर्ड को तैयार किया गया है। निदेशक द्वारा इस डैशबोर्ड के संबंध में पूर्व में राज्यपाल को दिए गए प्रस्तुतीकरण से वर्तमान तक के अद्यतन प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया।

राज्यपाल ने निदेशक आईटीडीए और उनकी पूरी टीम को इस डैशबोर्ड को तैयार करने के लिए बधाई एवं उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी और डिजिटलीकरण के माध्यम से जिस प्रकार यात्रा से जुड़े विभागों को इसमें एकीकृत किया गया है इससे भविष्य में यात्रा को और बेहतर संचालन हेतु योजना बनाने में आसानी होगी और यात्रियों को भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह डैशबोर्ड निर्णय–निर्माताओं को यात्रा के प्रभावी प्रबंधन व संचालन करने में मदद करेगा। राज्यपाल ने कहा कि आईटीडीए द्वारा विभिन्न विभागों हेतु तैयार किए जा रहे डैशबोर्ड के माध्यम से कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाना सराहनीय है। इससे विभागो में जवाबदेही की भावना और उनकी कार्य कुशलता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमें टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके एक नई कार्य संस्कृति प्रारंभ करनी होगी जो वर्तमान समय की मांग भी है। उन्होंने कहा डैशबोर्ड कल्चर के माध्यम से विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित होगा तथा उनके अलगाव में कार्य करने की प्रवृत्ति खत्म होगी। गौरतलब है कि आईटीडीए द्वारा सीएम डैशबोर्ड, आपदा प्रबंधन डैशबोर्ड और चारधाम डैशबोर्ड तैयार किया जा रहा है।

इस अवसर सचिव नितेश झा, सचिव रविनाथ रामन सहित आईटीडीए के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम खुराना ने ली जिला चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक



चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में बुधवार को जिला अस्पताल गोपेश्वर में जिला चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष की आय व्यय का विवरण पर चर्चा के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित कार्यों हेतु 2.46 करोड़ परिव्यय अनुमादित किया गया।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए बाहर से दवाएं न लिखी जाए। जो दवाएं बाहर से लिखी जा रही है उनको अस्पताल डिस्पेंसरी में खरीद कर रखा जाए। मरीजों से फीडबैक लिया जाए और बाहर से दवाएं लिखने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाए। अस्पताल में गायनोलॉजिस्ट की शीघ्र तैनाती के लिए शासन से वार्ता की जाए। अस्पताल में पौथोलॉजी लैब भवन और पार्किंग निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान चिकित्सक आवासों की मरम्मत, अस्पताल में मरीजों की भोजन व्यवस्था, इलेक्ट्रीशियन व सफाई कार्मिकों की नियुक्ति, आउटसोर्स कार्मिकों की अवधि बढ़ाने सहित अन्य कार्यों का अनुमोदन किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं में कोई कमी न रहे इसको लेकर जिलाधिकारी ने ओपीडी, डिस्पेंसरी, सिटी स्कैन, एक्सरे, सर्जिकल, बाल रोग, प्रसव कक्ष, लेबर रूम सहित सभी वार्डों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल चाल जानते हुए अस्पताल से मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 अनुराग धनिक ने चिकित्सा प्रबंधन समिति के समक्ष आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। बताया कि विगत माह अप्रैल से जुलाई तक 2.60 करोड़ की आय और चिकित्सा व्यवस्थाओं के संचालन में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1.88 करोड़ का व्यय हुआ है। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मजदूरी, संविदा कर्मियों पर व्यय, लेखन सामग्री, कार्यालय व्यय, उपकरण, गाड़ियों का अनुरक्षण, भोजन व्यय, औषधि व रसायन, टीकाकरण केन्द्र का सुदृढ़ीकरण एवं अन्य कार्यो हेतु 2.46 करोड़ परिव्यय समिति के समक्ष स्वीकृति हेतु रखा। जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों के सुझाव भी लिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम आरके पांडेय, सीटीओ मामूर जहां, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजकेश पांडेय, सीएमएस डा0 अनुराग धनिक, एसीएमओ डा0 एमएस खाती, ईओ पीएस नेगी, सांसद प्रतिनिधि विनोद कनवासी, विधायक प्रतिनिधि अरविंद नेगी एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

# मंत्री के आश्वासन पर अतिथि शिक्षकों का धरना स्थगित

देहरादून। अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ की ओर से ननूरखेड़ा स्थित शिक्षा निदेशालय में दो अगस्त से चल रहा धरना बुधवार को शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के आश्वासन के बाद स्थगित हो गया।

बुधवार को माध्यमिक अतिथि शिक्षकों की शिक्षा मंत्री डॉ. रावत की अध्यक्षता में डीजी शिक्षा बंशीधर तिवारी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा के साथ यमुना कॉलोनी स्थित मंत्री आवास पर बैठक हुई। माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अभिषेक भट्ट ने बताया कि बैठक में अतिथि शिक्षकों के सुरक्षित भविष्य, वेतन 40 हजार किए जाने और व्यायाम अतिथि शिक्षकों के समायोजन पर मंत्री की ओर से डेढ़ माह के भीतर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। बैठक के बाद निदेशक माध्यमिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल और सयुंक्त निदेशक मुकुल सती निदेशालय में धरनास्थल पर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में संघ के अध्यक्ष अभिषेक भट्ट ने धरना स्थगित किए जाने की घोषणा की। इसके बाद अतिथि शिक्षकों ने धरना स्थगित करने का निर्णय लिया। मंत्री आवास पर गए प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष अभिषेक भट्ट, दौलत जगूड़ी, आशीष जोशी, विकी रावत आदि शामिल थे। वहीं बुधवार को धरने पर बैठने वालों में विक्रम रावत, अनिल जुडियाल, राकेश लाल, रेखा, स्वाति, निशा, राजेश आदि शामिल थे।









## गोदाम में छिपाकर रखी शराब की पेटियां बरामद

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** रिखणीखाल पुलिस ने क्षेत्र के एक गोदाम में अवैध तरीके से छिपाकर रखी 39 पेटी शराब की बरामद की है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष संतोष पैंथवाल ने बताया कि बुधवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि क्षेत्र में अनिल सिंह ने अपने गोदाम में अवैध तरीके से शराब की पेटिया रखी हुई है। बताया कि मौके पर पहुंचकर गोदाम की तलाशी ली गई तो वहां से 39 पेटी शराब की बरामद हो गई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी ग्राम सिंनाल निवासी अनिल सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## संगठनों की ओर से आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भारत स्वाभिमान न्यास, ग्रीन पल्स सोसायटी, कांवड सेवा समिति, आधारशिला रक्तदान समूह व वेलफेयर सोसाइटी की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर क्षेत्र में तिरंगा पदयात्रा निकाली जाएगी।भारत स्वामिभाम न्यास के राज्य कार्यकारणी सदस्य अधिवक्ता अमित सजवाण ने कहा कि पूर्व में यह कार्यक्रम दुगड्डा शहीद पार्क में आयोजित किया जाता था। लेकिन, कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग बदहाल होने के कारण कार्यक्रम को कोटद्वार में ही आयोजित किया जाएगा। बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ बलिदानी मन्दीप सिंह रावत के माता-पिता करेंगे। तिरंगा यात्रा सतीमठ कण्वाश्रम, जगदेव मंदिर, घराट रोड होते हुए महाविद्यालय के समीप पहुंचेगी। आधारशिला रक्तदान समूह के संचालक दलजीत सिंह व ग्रीन पल्स सोसाइटी के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने बताया कि तिरंगा पदयात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण करवाया जा रहा है। बताया कि पदयात्रा के दौरान सीड बाल डिस्पर्सल और वेस्ट कलेक्शन की गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

## राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को तिरंगा प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश इष्टवाल, कार्यक्रम की संयोजक डा. दीप्ति ने छात्र-छात्राओं से कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना भारत के हर नागरिक का कर्तव्य है। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. कुमार विमल लखटकिया, पूजा ध्यानी, डा. संजीव कुमार, डा. अवधेश उपाध्याय, विपिन चंद्र, डा. किशोरी लाल, डा. अर्जुन रवि, डा. हरिकृष्ण सेमवाल आदि शामिल रहे।

## अभिभावकों ने शिक्षकों की नियुक्ति की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राइंका दोंदल में शिक्षकों की कमी से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। छात्रों के अभिभावकों और पीटीए ने मुख्य शिक्षाधिकारी से मुलाकात कर जल्द रिक्त पड़े शिक्षकों के पदों को भरने की मांग की है। कहा कि स्कूल में शिक्षकों की कमी से छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन बहुत प्रभावित हो रहा है।मुख्य शिक्षाधिकारी से मुलाकात के दौरान अभिभावकों ने बताया कि स्कूल में हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र विषय में प्रवक्ताओं के पद पिछले लंबे समय से रिक्त चल रहे है। जबकि वर्तमान सत्र में अनिवार्य स्थानांतरण के चलते एलटी संवर्ग में सामाजिक विज्ञान का पद भी रिक्त हो गया है। कहा कि वर्तमान में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान है। कहा कि जब तक स्कूल में स्थाई नियुक्ति नहीं होती है तब तक स्कूल में अतिथि शिक्षकों की ही तैनाती की जाए। मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र ने अभिभावकों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर कोट ब्लॉक के ग्राम प्रधान संगठन के विजयदर्शन बिष्ट, पीटीए अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट, अभिभावक लीला देवी, अशोक कुमार, रमीनाथ, पूजा देवी, लक्ष्मी देवी आदि शामिल थे।

## पोस्टर के माध्यम से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष के छात्र तश्वर ने पोस्टर के जरिए नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। तश्वर ने कहा कि नशा पहले हमें अपनी ओर खींचता है। वो हमें अपनी गिरफ्त में ले लेता है और फिर हम चाहकर भी उससे दूर नहीं हो सकते।

भाषण प्रतियोगिता में हिमानी, किरन पटवाल, आकाश, सीमा, रोनिका, किरन, आयुष, नितिन कुमार आदि छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर डा. राजेश कुमार, डा. नीति शर्मा, डा. बबलू कुमार ने छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने शपथ लेकर कहा कि हम हर हाल में नशे से स्वयं को दूर रखेंगे और अपने आस पड़ोस में नशा करने वाले लोगों को भी समझाएंगे।

## बलि प्रथा बंद करने का लिया निर्णय

रुद्रप्रयाग : अगस्त्यमुनि ब्लॉक के बाड़व गांव में ग्रामीणों ने बुधवार को बैठक करके धार्मिक अनुष्ठान में बलि प्रथा बंद करने का निर्णय लिया है। बलि के स्थान पर श्रीफल का प्रयोग किया जाएगा। सभी ने आपसी सहयोग से इस कार्य को संपादित करने में एक दूसरे का साथ देने का भी आह्वान किया है।

# टकोलीखाल-बीरोंखाल मोटर मार्ग पर गिरे बोल्डर, आवागमन बना चुनौती


प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत टकोलीखाल-बीरोंखाल मोटर मार्ग पर आया बोल्डर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वर्षाकाल में पहाड़ों की सड़कों पर आवागमन करना एक चुनौती बन गया है। बीरोंखाल ब्लाक के अंतर्गत टकोलीखाल-बीरोंखाल मोटर मार्ग पर लगातार बोल्डर गिर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही जगह-जगह मार्ग बदहाल स्थिति में पड़ हुआ है। कई स्थानों पर मार्ग का हिस्सा ढहने की स्थिति में पहुंच गया है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मलबा हटाकर मार्ग पर यातायात सुचारु करवाने की मांग की है।

बरसात में टकोलीखाल-बीरोंखाल मोटर मार्ग एक से आठ किलोमीटर के बीच लगातार चुनौती बन रहा है। ऐसे में आवागमन करने वाले ग्रामीणों को कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। घोड़पाला मल्ला के पूर्व ग्राम प्रधान नरेंद्र रावत ने बताया कि मार्ग में आ रहे बोल्डर हटाने के लिए किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं की गई है। कई बार ग्रामीणों को स्वयं ही बोल्डर हटाने पड़ रहे हैं। वर्षाकाल में लगातार बोल्डर आने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बीमार ग्रामीणों को अस्पताल पहुंचाने में हो रही है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजते हुए मार्ग पर जेसीबी व पोकलैंड मशीन तैनात करने की मांग की है। कहा कि इससे मार्ग पर आने वाले बोल्डर को शीघ्र हटाया जा सकता है।

## निकाली तिरंगा यात्रा, लोगों को तिरंगा फहराने को किया जागरूक

नई टिहरी : हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। चोपड़याल गांव में महिला मंगल दल की रैली निकालकर लोगों को तिरंगा फहराने के लिए किया जागरूक किया। तिरंगा रैली के दौरान भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सुशील बहुगुणा ने कहा कि तिरंगा देश की शान है। हर घर तिरंगा लहराया जाना चाहिए। जिसके लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। कहा कि स्वतंत्रता दिवस को लोकतंत्र के उत्सव की तरह मनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देश में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव की भावना का संचार किया जा रहा है। जिसे राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश, जिला व ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित


आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक दिलीप रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रखंड बीरोंखाल में खाटली सामाजिक विकास मंडल दिल्ली की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें हाईस्कूल के 15 व इंटर मीडिएट के आठ छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह रावत ने किया। क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह रावत ने कहा कि शिक्षा के दृष्टिकोण से पहाड़ का माहौल बेहतर है। कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन उनकी प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख राजेश कंडारी, संस्था के अध्यक्ष सतीश चंद्र गौनियाल, खंड शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज, खंड विकास अधिकारी जयपाल सिंह पयाल, राजेश पोखरियाल मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा, घर-घर झंडा लहराने की अपील


ज्वाल्पा देवी मंदिर में पहुंची तिरंगा यात्रा में शमिल ज्वाल्पाधाम संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : श्री ज्वाल्पाधाम संस्कृत विद्यालय व महाविद्यालय की ओर से क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान सदस्यों ने ग्रामीणों से घर-घर तिरंगा लहराने की अपील की।

विद्यार्थियों ने मां ज्वाल्पा मंदिर से यात्रा की शुरुआत की। राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए यात्रा गोधाम में संपन्न हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से 15 अगस्त के दिन अपने घर की छत पर तिरंगा अवश्य लगाने की अपील की। इससे पूर्व, जिला पंचायत सदस्य गौरव रावत व अरूण नैथानी ने विद्यार्थियों को देश के इतिहास के बारे में बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश लाल ने विद्यार्थियों को देश हित में आगे आने की सीख दी। इस मौके पर प्राचार्य डा. ममता मेहरा, विद्यालय के प्रबंधक राजेश प्रकाश थपलियाल, राजेंद्र प्रसाद, हरेंद्र मोहन, कालिका प्रसाद डोबरियाल, प्रदीप थपलियाल, पवन नौडियाल, स्वाति नेगी, रजनी नेगी, सौरभ कंडवाल, रामदयाल डंडरियाल आदि मौजूद रहे।

## विकास कामों के नाम पर सरकारी धन के दुरूप्रयोग का आरोप

नई टिहरी : विकासखंड चंबा के सुदाड़ा गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर गांव में विकास कामों के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। डीएम दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में जनता दरबार में ग्रामीणों ने गांव में विकास कामों हुई धांधली को लेकर अवगत कराया गया था। जिस पर डीपीआरओ नरेंद्रनगर के जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया था। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना के अधिकार में प्राप्त जानकारियों से गांव की विकास योजनाओं में धांधली के मामले सामने आए थे। लेकिन 6 माह बीतने के बाद भी गांव के विकास कामों की जांच नहीं हो पाई है। अभी भी विकास कामों के 75 प्रतिशत मामलों की जांच होनी बाकी है। गांव के विकास कामों में फर्जी मस्टरोल बनाकर भुगतान करने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन देने वालों में ज्योति प्रसाद सकलानी, दिनेश प्रसाद, जयादेव कोठारी, लक्ष्मी, कुंदन सकलानी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# भारत माता के जयकारे लगाते हुए निकाली तिरंगा यात्रा

## सभी नागरिकों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए किया प्रेरित



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा प्रथम सीडीएस शहीद बिपिन रावत पार्क से नागदेव मंदिर तक भव्य तिरंगा पैदल यात्रा निकाली गई। इसके बाद नागदेव मंदिर के आस-पास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

तिरंगा यात्रा में स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना और सभी नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के इतिहास का एक महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि 15 अगस्त को अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराकर इस दिन को और भी विशेष बनाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान से लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत हो और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों को याद रखा जाए। इस तिरंगा यात्रा में समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भारत माता के जयकारे लगाते हुए पूरे वातावरण को देशभक्ति से भर दिया। यात्रा के दौरान हर कदम पर उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। तिरंगा यात्रा के माध्यम से स्वाधीनता दिवस पर हर घर में तिरंगा फहराने का संदेश दिया और इसको उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया।

तिरंगा यात्रा के दौरान डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध, डीएफओ सिविल एवं सोयम शिशुपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, खनन अधिकारी रवि नेगी, मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, ईओ नगर पालिका गौरव भसीन, तहसीलदार दीवान सिंह राणा, सहायक निर्वाचन अधिकारी शांति लाल शाह सहित अन्य अधिकारी, कार्मिक, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस, रक्षाबन्धन और जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं



टीका राम कोटियाल

खण्ड विकास अधिकारी

थलीसैण पौड़ी गढ़वाल


# चित्रकला प्रतियोगिता में एंजल व लोकेश्वर रहे अव्वल


आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : विभाजन विभीषिका दिवस पर केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशित कार्यालय की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में एंजल व सीनियर वर्ग में लोकेश्वर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जानकी नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह बिष्ट, विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र जखमोला व विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने विभाजन की विभीषिका पर आधारित चित्रों का भी अवलोकन किया। विद्यालय के छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउंनी, जौनसारी लोक गीतों पर शानदार लोकनृत्य की प्रस्तुति भी दी। देशभक्ति पर आधारित देशगान भी प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग में एंजल प्रथम, यश्वी द्वितीय व आराध्य तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में लोकेश्वर प्रसाद लखेड़ा प्रथम, प्रयाग दत्त द्वितीय व हयात सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय देहरादून के जनसंपर्क अधिकारी एनएस नयाल, गोपेश सिंह बिष्ट, अनित चावला, राजगौरव नौटियाल, पंकज भाटिया, सुनीता बिष्ट, सुनीता देवी मौजूद रहे।

# दो को आजीवन कारावास की सजा

नई टिहरी : नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायधीश पोक्सो एक्ट योगेश कुमार गुप्ता की अदालत ने दो आरोपियों में अलीम व अजहरूद्दीन को आजीवन करावास की सजा सुनाने के साथ अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतने का आदेश दिया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र सिंह बिष्ट के अनुसार पीड़िता के पिता ने 18 जनवरी 2022 को थाना कोतवाली नई टिहरी में प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली पुत्री 17 जनवरी 2022 को अपने घर से स्कूल के लिए गई। लेकिन वह घर नहीं आई और एक मोबाईल नंबर से पीड़िता ने अपने परिजनों को बताया कि अपनी सहेली के साथ खेलकूद में गई है। उसे आने में देर हो जाएगी। लेकिन पीड़िता घर नहीं आई। मोबाईल नंबर की छानबीन पर पता चला कि यह नंबर अजहरूद्दीन पुत्र अहसान निवासी निर्बल आवास ढुंगीधार का है। जिस पर पुलिस ने पीड़िता को ढुंढने का काम शुरू किया। मेडिकल रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि हुई। शासकीय अधिवक्ता ने मामले में 15 गवाह अदालत में प्रस्तुत किए। जिसके आधार पर पोक्सो न्यायधीश ने मामले में अलीम व अजहरूद्दीन को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 10-10 हजार के अर्थदंड की सजा देते हुए अर्थदंड न देने पर 6-6 माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतने के आदेश दिए।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई–टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेंडर संख्या/दिनांक | 122-DRM-MB-24-25 Date: 13.08.2024 | 123-DRM-MB-24-25 Date: 13.08.2024 | 126-DRM-MB-24-25 Date: 13.08.2024 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair to staff Quarters at KKJ, DIL, MLD, RBD, SAN and Station in the section of SSE/W/HRI under ADEN-I/HRI | Preparation of Wharf on other side of line no. 11 with used sleepers at Hardoi goods shed | Provision of Electronic type track based rail Gauge Face Lubricator-26 no. under ADEN-II/HRI |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 09.09.2024 (16:00 hrs.) | 09.09.2024 (16:00 hrs.) | 09.09.2024 (16:00 hrs.) |
| अनुमानित लागत | ₹79,99,993.03 | ₹50,69,171.02 | ₹3,53,63,845.20 |
| धरोहर राशि | ₹1,60,000.00 | ₹1,01,400.00 | ₹3,26,800.00 |
| निविदा लागत | ₹0.00 | ₹0.00 | ₹10,000.00 |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 26.08.2024 | 26.08.2024 | 26.08.2024 |
| ऑफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 90 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 60 Months |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 13.08.2024 2529/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभि०/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत (₹) | अग्रिम धन (₹) | निविदा फार्म की लागत (₹) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **02-SNT-TWS-MB-2023-24** मुरादाबाद डिवीजन टीटीआर (एफएस +टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएस) 36 सैट्स 1:12–36 सैट्स & 1:8.5–03 सैट्स | 97,48,280.82 | 1,95,000/- | Nil | 05.09.2024 15:00 hrs. |
| 2 | **01-SNT-TWS-MB-2023-24** मुरादाबाद डिवीजन टीटीआर (एफएस +टीडब्ल्यूएस) 44 सैट्स (1:12–32 सैट्स & 1:8.5–12 सैंट्स) & टीटीआर (टीडब्ल्यूएस सीएमएससी) 30 सैट्स (1:12–28 सैट्स & 1:8.5–2 सैट्स) | 2,07,08,727.71 | 2,53,600/- | Nil | 05.09.2024 15:00 hrs. |
| 3 | **334-SNT-BTRA-MB-2023-24** बनथरा–तीलहर रोड ओवर ब्रिज इन एलआईयू ऑफ लेवल क्रॉसिंग नंबर 334 | 39,75,071.09 | 79500/- | Nil | 05.09.2024 15:00 hrs. |

नोट: निविदा का पूरा विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

निविदा सूचना: 01/02-SNT-TWS/334-SNT-BTRA-MB-2023-24 दिनांक: 13.08.2024 2530/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राईविंग लाईसेन्स संख्या UK-1520120019103 में मेरा नाम महिन्द्र सिंह MAHENDRA SINGH दर्ज है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम महिन्द्र सिंह MAHINDER SINGH है। अतः मेरे ड्राईविंग लाईसेन्स संख्या UK-1520120019103 में मेरा सही व वास्तविक नाम महिन्द्र सिंह MAHINDER SINGH दर्ज किया जाय।

**महिन्द्र सिंह पुत्र सुंदर सिंह निवासी गोविन्द नगर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0352/21)


## विधानसभा भवन को सजाया

चमोली : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रीष्म कालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ी सैंण स्थित विधान सभा भवन को तिरंगे रंग के बिजली के प्रकाश से चमकाया गया है। प्रत्येक वर्ष गणतंत्र, स्वतंत्रता एवं राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विधान सभा भवन को बिजली की रोशनी से सजाया जाता है यह जानकारी विधान सभा प्रभारी शेखर पंत ने दी। बताया कि इस वर्ष आगामी 21 से 23 अगस्त तक विधान सभा का भी सत्र यहां आयोजित होना है। तब तक विधान सभा भवन में रात्रि में इसी प्रकार की लाइटिंग की व्यवस्था जारी रहेगी।

# विभीषिका दिवस पर बताया विभाजन का इतिहास


महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : विभाजन विभीषिका दिवस पर राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभाजन के इतिहास के बारे में बताया। बुधवार को महाविद्यालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि भारत के विभाजन के दौरान लोगों को काफी मुश्किलें झेलनी पड़ी। कई शहादतों के बाद देश को आजादी मिली। कहा कि हम सभी को एकजुट होकर देश व समाज हित में कार्य करना चाहिए। डा. कविता अहलावत ने भारत विभाजन के दौरान पलायन के दर्द को बताया। इस मौके पर पवन कुमार, कुसुम भंडारी आदि मौजूद रहे।


''जी0एम0ओ0यू0लि0'' की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

81 वर्षों से उत्तराखण्ड की परिवहन सेवा में जन सेवारत

- 75वीं वर्षगाँठ "हीरक जयन्ती वर्ष 2018" (1943-2018)।
- ''हिमगिरी'' स्मारिका का विमोचन।
- **हमारा ध्येय** – **सड़क सुरक्षा**, **समय पाबन्दी**, **व्यवहार कुशलता**, **सुरक्षित यात्रा**
- हिमगिरी एक्सप्रेस 2x2 पुशबैक एवं 3x2 व 2x2 आरामदायक बस सेवायें।
- 13+1 सीटर सिंगल टायर एवं उससे अधिक वाहनों की यात्रा सुविधायें।
- 7+1 सीटर से 12+1 सीटर सिंगल टायर ठेका परमिट वाहनों की यात्रा सुविधाएं।
- कोटद्वार, श्रीनगर, कर्णप्रयाग एवं रामपुर (रूद्रप्रयाग) में शुद्ध डीजल, पेट्रोल एवं ल्युब्रीकेन्टस की सुविधा।
- उत्तराखण्ड के चार धाम एवं हेमकुण्ड/लोकपाल तथा अन्य दर्शनीय स्थलों व शादी विवाह हेतु आरामदायक एवं सुविधायुक्त बसें हर समय उपलब्ध।
- उत्तराखण्ड में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को 20% किराये में छूट।
- चारधाम यात्रा/ लोकल यात्रा के लिए ऑनलाईन बुकिंग की सुविधा Redbus.com पर उपलब्ध है।

**(जीत सिंह पटवाल)**
**अध्यक्ष**
**एवं समस्त जी0एम0ओ0यू0 परिवार**


# करंट हादसे के पीड़ितों को धरना देने से रोका

चमोली : अपनी मांगों के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रहे चमोली सीवरेज करंट हादसे में मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रशासन उन्हें धरना प्रदर्शन करने से भी रोक रहा है। बुधवार को प्रशासन के अधिकारी पुलिस बल के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे प्रभावितों के बीच पहुंचे। और उन्हें वहां से चले जाने को कहा। इससे धरना दे रहे पीड़ित नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि करंट लगने से 16 लोगों की मौत का जिम्मेवार कौन है। आज जब वे न्याय की मांग के लिए धरना दे रहे हैं। तो उन्हें नियम का हवाला देकर हटाया जा रहा है। पीड़ित महेश कुमार का कहना है कि उन्होंने उस घटना में पिता और दो भाईयों को खोया है। ऐसे में परिवार की आजीविका और मां का इजाज उनके लिए चुनौतिपूर्ण हो गया है। करंट हादसे के पीड़ित परिवार उचित मुआवजा और घटना के पीड़ित परिवार के हर सदस्य को योग्यता के अनुसार नौकरी की मांग कर रहे हैं। बताते चलें की 19 जुलाई 2023 को चमोली अलकनंदा के किनारे नमामि गंगे परियोजना के एसटीपी प्लाण्ट में करंट हादसे के चलते 16 लोगों की असयम मौत हो गई थी। बुधवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य ऊषा रावत और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फर्स्वाण भी पीड़ित परिवारों की मांग के समर्थन में आए। उन्होंने कहा शासन-प्रशासन को तत्काल पीड़ित परिवारों की मांग का समाधान करना चाहिए। (एजेंसी)


जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com